पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने भारत और वेस्टइंडीज के मध्य खेले जाने वाले टी-20 क्रिकेट मैच का उद्घाटन किया

दिनांक: 06 नवम्बर, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में भारत और वेस्टइंडीज के मध्य खेले जाने वाले टी-20 क्रिकेट मैच का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि स्टेडियम का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर किया गया है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री डा0 दिनेश शर्मा, खेल मंत्री श्री चेतन चैहान, राज्य मंत्री डा0 महेन्द्र सिंह, राज्य मंत्री श्री मोहसिन रज़ा, राज्य मंत्री श्री स्वतंत्रदेव सिंह, मंत्रिमण्डल के अन्य सदस्य, उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव श्री राजीव शुक्ला सहित अन्य दर्शक भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने दोनों देशों की टीम से परिचय प्राप्त किया तथा उनका उत्साहवर्द्धन किया।

अंजुम/दिलशाद/राजभवन (435/16)